परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

कार्यपत्रक संख्या - 3

कक्षा - आठवीं                                        विषय - हिंदी [द्‌वितीय भाषा]

पाठ का नाम - दीवानों की हस्ती

प्र.1 प्रस्तुत कविता के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [1∗10=10]

[1] दीवाने शब्द से क्या तात्पर्य है?

[क] प्रेम करने वाले के लिए

[ख] देश पर मर मिटने वालों के लिए

[ग] सामान्य सैनिकों के लिए

[घ] नव युवकों केलिए

[2] वे टिककर एक स्थान पर क्यों नहीं बैठते?

[क] क्योंकि उन्हें घूमना अच्छा लगता है

[ख] क्योंकि वे स्थान - स्थान पर घूमकर शक्ति बटोर रहे थे

[ग] क्योंकि उनका घर बाहर नहीं था

[घ] क्योंकि वे अपनी नीतियों को ब्रिटिश सरकार से छिपाकर अंजाम देते हैं

[3]  धूल उड़ाते जहाँ चले शब्दों का क्या अर्थ है?

[क]  उनके कदमों से धूल उड़ती है

[ख] बलिदानी वीर जहाँ भी जिस ओर जोश से बढ़ते हैं उनके कदमों से सारे वातावरण में धूल छा जाती है अर्थात सब ओर उनका अस्तित्व दिखाई देता है।

[घ] तेज कदमों से चलना व मिट्टी के रास्ते पर बढ़ना

[4] वे चाहते हुए भी अपने भाई बंधुओं के पास क्यों नहीं रह पाते?

[क]  क्योंकि उनका लक्ष्य अंग्रेजी सरकार का विरोध करना है

[ख] क्योंकि वे एक स्थान  पर टिक कर नहीं रह सकते

[ग] क्योंकि परिवार वाले उनके विचारों से प्रेरित नहीं होते

[घ] क्योंकि उनका लक्ष्य स्पष्ट नहीं

[5] बलिदानी वीरों की राह निश्चित क्यों नहीं है?

[क]  क्योंकि वे बिना लक्ष्य के आगे बढ़ते हैं

[ख] क्योंकि वे बिना सोचे समझे चलते हैं

[ग]क्योंकि उनका उद्देश्य अंग्रेजों को मात देना है वे स्वतंत्रता प्राप्त करने हेतु जहाँ  मोड़ ना पड़े वहाँ  राहे मोड़ देना है

[घ] क्योंकि उन्हें अंग्रेजी सरकार से बचना होता है

[6]  वे संसार से कैसा संबंध रखते हैं ?

[क] समान भाव का

[ख] मैत्री भाव का

[ग] ईर्ष्या भाव का

[घ] भावुकता सेभरा

[7]  संसार के लोगों से मिलकर वे कुछ हँसते और कुछ रोते हैं ऐसा कवि ने क्यों कहा ?

[क] हँसना सुख का व रोना दुख काप्रतीक है

[ख] जब वे अपने भाई बंधुओं से मिलकर सुख की बातें करते हैं तो हँसते हैं और दुख की बातें करते हैं तो रोते हैं

[ग] कभी बहुत खुश होते हैं, कभी रो पड़ते हैं

[घ] उपर्युक्त सभी

[8] दुनिया को भिखमंगा क्यों कहा गया है?

[क]  क्योंकि वे  कुछ देने में असमर्थ हैं

[ख] क्योंकि वे केवल लेना जानते हैं

[ग] क्योंकि वे बलिदानी वीरों का यश गान करके उनका हौसला बढ़ाने मेंअसमर्थ है

[घ] इनमें से कोई नहीं

[9]  वीरों के हृदय पर कैसी असफलता के निशान है ?

[क] स्वतंत्रता न प्राप्त कर सकने की

[ख] अंग्रेजीसरकार का मुकाबला न कर पाने की

[ग] अपने रिश्तेदारों से न मिल पाने की

[घ] इनमें से कोई नहीं

[10] बलिदानी वीर किसी के साथ भेदभाव क्यों नहीं रखते ?

[क] क्योंकि उनका लक्ष्य स्वार्थ रहित है

[ख] क्योंकि वे तो पूरे देश की स्वतंत्रता चाहते हैं

[ग] क्योंकि उन्होंने धर्म निरपेक्ष धर्म को अपनाया है

[घ] क्योंकि वे जातीयता में विश्वास नहीं करते प्रयुक्त

प्र.2 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [5]

हम दीवानों की क्या हस्ती है
आज यहाँ कल वहाँ चले
मस्ती का आलम साथ चला
हम धूल उड़ाते जहाँ चले
आए बनकर उल्लास अभी
आँसू बनकर बह चले अभी
सब कहते ही रह गए
अरे तुम कैसे आए कहाँ चले?

[1] दीवाने शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

[2] वे स्थान पर टिककर क्यों नहीं रहते ?

[3] दीवानों के आने से हर्ष और जाने से सुख क्यों होता है?

[3] निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [5]

हम भीख मांगो की दुनिया में
स्वच्छंद लुटा कर प्यार चले
हम एक निशानी - सी उर पर
ले असफलता का भार चले
अब अपना और पराया क्या
आबाद रहे रुकने वाले
हम स्वयं बंधे थे और अब
हम अपने बंधन तोड़ चले

[1] दुनिया को भिखमंगा क्यों कहा गया है?

[2] वीरों के हृदय में कैसी असफलता के निशान हैं?

[3] वे देशवासियों के लिए क्या कामना करते हैं?

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2*10=20]

[1] दीवाने संसार से कैसा संबंध रखते हैं?

[2] संसार के लोगों को दीवाने क्या देकर जाना चाहते हैं?

[3] आजादी के दीवाने किसी के साथ भेदभाव क्यों नहीं रखते?

[4] अपनों से मिलने पर दीवाने क्या करते हैं?

[5] दीवाने किसके लिए अपने जीवन बलिदान करना चाहते हैं ?

[6] दीवाने किन लोगों के साथ रहने की इच्छा प्रकट करते हैं ?

[7] दीवाने एक स्थान पर टिक-टिककर क्यों नहीं बैठते ?

[8] आजादी के दीवाने अपने संबंधियों के पास क्यों नहीं रह पाते?

[9] दीवाने शब्द का प्रयोग कवि ने किन के लिए किया गया है ?

[10] दीवाने समाज के लोगों से मिलने पर किस तरह का माहौल बना देते हैं?

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [3*5=15]

[1] कवि ने अपने आने को उल्लास और जाने को आँसू बनकर बह जाना क्यों कहा है?

[2] भिखमंगों की दुनिया में बे रोक -टोक प्यार लुटाने वाला कभी ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान बाहर की तरह लेकर जा रहा है?

[3] कविता में ऐसी कौन सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगती है?

[4] दीवाने मस्ती में जीवन कैसे जीते हैं ? लिखिए |

[5] दीवानों ने संसार को भिखमंगा क्यों कहा है? वे हृदय पर असफलता की कैसी निशानी रखते हैं।

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए - [5*5=25]

[1] जीवन में मस्ती होनी चाहिए लेकिन कब मस्ती हानिकारक हो सकती है ? लिखिए |

[2] दीवानों की हस्ती कविता में परस्पर विरोधी बातें क्यों की गई है?

[3] दीवानों ने संसार को भिखमंगा जो कहा है उनकी आंतरिक भावना का वर्णन कीजिए।

[4] दीवानों की हस्ती कविता से हमें क्या संदेश मिलता है?

[5] संतुष्टि के लिए कवि ने शक्कर जी भर कर और खुलकर जैसे शब्दों का प्रयोग किया है इसी भाव को व्यक्त करने वाले दस शब्द कविता से सोच-सोच कर लिखिए।

***********************************